जयपुर में विकसित हो रहा देश का पहला कोचिंग हब

चर्चा में क्यों?

28 सितंबर, 2022 को आवासन मंडल के आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये बेहतर सुविधाएँ देने तथा कोचिंग संस्थाओं को सुनियोजित तरीके से स्थान उपलब्ध कराने के लिये आवासन मंडल द्वारा जयपुर के प्रताप नगर में देश का पहला कोचिंग हब विकसित किया जा रहा है।

प्रमुख बिंदु

- आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि मंडल द्वारा करीब 228 करोड़ रुपए की लागत से जयपुर के प्रताप नगर में 65 हज़ार वर्ग मीटर भूमि पर सुनियोजित तरीके से इस कोचिंग हब को विकसित किया जा रहा है। इस कोचिंग हब में प्रथम चरण में 5 संस्थानिक ब्लॉक तथा 90 व्यावसायिक परिसर तैयार किये जा रहे हैं।
- यह राज्य सरकार की एक अनूठी परियोजना है, जिसके माध्यम से देश-प्रदेश के छात्र-छात्राओं को एक ही परिसर में सभी शिक्षण सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी। पार्किंग, ट्रैफिक जाम आदि की समस्या से परे यह स्थान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिये शांत वातावरण वाला अनुकूल स्थान होगा।
- इस कोचिंग हब में करीब 70 हज़ार विद्यार्थी शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ लेकर अपना करियर बना सकेंगे। कोचिंग सेंटर संचालकों को भी यहाँ आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होने से कोचिंग संचालन में काफी सुविधा होगी।
- योजना में केंद्रीकृत पुस्तकालय, साइबर लैब, मनोरंजन केंद्र, जिम, हेल्थ क्लब, फूड कोर्ट एवं रेस्टोरेंट की सुविधाओं के अतिरिक्त जॉगिंग, साइक्लिंग ट्रैक, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों हेतु पृथक-पृथक हॉस्टल एवं सिक्योरिटी सर्विलांस इत्यादि सुविधाएँ भी विकसित की जा रही हैं।
- कोचिंग हब योजना में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गारों के नवीन अवसरों का भी सृजन होगा, जिससे स्थानीय निवासी भी लाभान्वित होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/country-first-coaching-hub